## एक नजर में

### पर्यूषण केवल जैन समाज नहीं, पूरे देश का पर्व



**इंदौर.** संकल्पमय चातुर्मास-2026 के अंतर्गत आज धर्मसभा में अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. कुमुदलता महाराज साहब ने कल से प्रारंभ हो रहे पर्युषण पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि पर्युषण केवल जैन समाज का पर्व नहीं, बल्कि यह पूरे हिंदुस्तान की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा पर्व है. यह पर्व मनुष्य को बाहरी आडंबरों से दूर होकर अपने भीतर झांकने, आत्मचिंतन करने और जीवन को शुद्ध बनाने की प्रेरणा देता है. पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि, संयम, तप, त्याग और क्षमा का पर्व है. धर्मसभा में आज अंतकृत दशांग सूत्र का वाचन कराया गया. इस पवित्र आगम में उन 90 पुण्यात्माओं का वर्णन है, जिन्होंने धर्माराधना और साधना के माध्यम से मोक्ष को प्राप्त किया. इस आगम वाचन के लाभार्थी *स्व. इन्द्रकुमारजी जैन पंजाबी एवं स्व. कांता जी की पुण्य स्मृति में कीर्तीकुमार-सोनलजी जैन, अक्षयजी एवं ऐश्वर्याजी पंजाबी परिवार रहे. कार्यक्रम का संचालन जिनेश्वर जैन ने किया. पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का शुभारंभ कल दिनांक 8 सितम्बर, मंगलवार से डॉ. कुमुदलता जी महाराज के पावन सान्निध्य में होने जा रहा है. महावीर भवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस आठ दिवसीय धर्म आराधना का आयोजन दिवाकर दरबार, नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड, इंदौर पर किया गया है. आयोजन समिति के अचल चौधरी, रमेश भण्डारी, डीपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, हेमन्त बोहरा, राजकुमार जैन ने बताया कि 8 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के अंतिम दिन संवत्सरी महापर्व पर सामूहिक क्षमा-याचना का कार्यक्रम होगा.

### महाकाल की सवारी में महाप्रसादी का वितरण



**इंदौर.** सावन भादौ मास में उज्जैन में आखरी सवारी में बाबा महाँकाल राजा की राजसी सवारी में पिछले 25 वर्षो से छत्री चौक उज्जैन में विशाल भव्य दाल, बाफले चुरमे का चलित महाप्रसादी का वितरण किया गया. यह भव्य अलोकिक आयोजन श्री महाँकाल भक्त मण्डल, संयोजक रामायण प्रेमी मंडल सिखवाल ब्राह्मण मौहल्ला इंदौर द्वारा किया गया. इस आयोजन की जानकारी आनंद वैष्णव, सुनील नागला, विशाल जोशी, पिंटू ठाकुर, जसवंत वैष्णव, संजय व्यास, आनंद उपाध्याय, सागर नागला, बाबूराव उपाध्याय व कमलेश सेन द्वारा दी गई.

### अर्द्ध नारेश्वर महादेव निकले नगर भ्रमण पर



**बेटमा.** जनकल्याण और नगर की सुख-समृद्धि की कामना के साथ सोमवार को बेटमा नगर में बाबा श्री अर्द्धनारेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई. बाबा जब अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकले, तो पूरा शहर शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया. यात्रा में महाकाल आरती मंडली का विशेष आकर्षण रहा। ढोल-नगाड़ों की गूंज और शिव भजनों की धुन पर श्रद्धालु पूरे रास्ते झूमते और नाचते हुए चलते रहे. यात्रा की शुरुआत बेटमा के मिठी बावड़ी राजबाड़ा चौक से हुई, जहां अर्द्धनारेश्वर महादेव पालकी में विराजमान होकर निकले. यात्रा के आगे-आगे मातृशक्ति (महिलाएं) पूरी श्रद्धा के साथ अपने सिर पर मंगल कलश धारण किए चल रही थीं. पूरे नगर का भ्रमण करने के पश्चात यह भव्य पालकी यात्रा मुरली मनोहर मंदिर पहुंची, जहां इसका विधि-विधान से समापन हुआ. मंदिर प्रांगण में बाबा की महाआरती उतारी गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को फलाहारी महाप्रसाद का वितरण किया गया.

### बैंक ऑफ इंडिया ने 121वां स्थापना दिवस मनाया



**इंदौर.** बैंक ऑफ इंडिया की बिचौली मर्दाना शाखा में बैंक का 121वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर शाखा के ग्राहक एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे. शाखा प्रबंधक दीपक बाघला ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए बैंक की विकास यात्रा में उनके निरंतर विश्वास एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने बैंक द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं की जानकारी दी तथा ग्राहकों से इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया. कार्यक्रम के दौरान केक काटकर स्थापना दिवस का जश्न मनाया गया. इस अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्राहकों के साथ बैंक की उपलब्धियों को साझा किया.

### जैन बंधु 10 दिनों तक मुनि जैसी दिनचर्या में रहेंगे

**इंदौर.** वीआई पी रोड दलाल बाग पर तीर्थ चक्रवर्ती राष्ट्रसंत सुधासागर महाराज की पावन निश्रा में जैन समाज के इतिहास में पहली बार एक नया और यशस्वी कीर्तिमान रचने जा रहा है, जब आगामी 16 से 25 सितंबर तक यहाँ श्रावक संस्कार शिविर का विराट आयोजन होगा जिसमें देश-विदेश के 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होकर अपना गृहस्थ जीवन त्यागकर मोबाइल एवं गाड़ी-बंगले सहित वैभव से दूरी बनाकर मुनियों की दिनचर्या आत्मसात करेंगे. इन सभी साधकों को शहर के करीब 15 हजार परिवारों का आतिथ्य भी प्राप्त होगा जहाँ वे मुनियों की सादगीपूर्ण वेशभूषा में पहुंचकर भोजन एवं आतिथ्य स्वीकार करेंगे. शिविर के प्रमुख पुण्यार्जक चक्रवर्ती आकाश-आलोक जैन कोयला एवं चातुर्मास के चक्रवर्ती मनीष-सपना गोधा, नवीन-शिवानी गोधा, आनंद-अंतिका गोधा एवं सकल दिगंबर जैन धर्म प्रभावना समिति के महामंत्री हर्ष जैन ने बताया कि यह शिविर मात्र धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रावकों के जीवन में संस्कार, संयम, आत्मचिंतन और आत्मकल्याण की भावना जागृत करने वाला अनूठा आध्यात्मिक प्रयोग है. शिविर के 10 दिनों में शिविरार्थी बाहरी दुनिया की चकाचौंध से दूर रहकर राष्ट्रसंत के मार्गदर्शन में अनुशासित जीवन जिएंगे.

# बारिश के बाद सड़कें बनी तालाब, वाहन चालक परेशान

## शहर के कई इलाकों में जलभराव के कारण वाहनों की रफ्तार थमी



**इंदौर. लंबे इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश ने जहां शहरवासियों को उमस और गर्मी से राहत दी, वहीं कई इलाकों में जल निकासी व्यवस्था की स्थिति भी सामने आ गई. मांगलिया मार्ग स्थित एबी रोड पर बारिश के बाद जगह-जगह पानी जमा हो गया. देखते ही देखते मुख्य सड़क का बड़ा हिस्सा तालाब जैसा नजर आने लगा. सड़क पर पानी भरने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.**

एबी रोड बारिश के बाद सड़क पर जलभराव होने से वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। पानी अधिक होने के कारण कई जगह सड़क पर बने गड्ढे भी दिखाई नहीं दे रहे थे. ऐसे में वाहन चालकों को पानी के बीच से सावधानीपूर्वक गुजरना पड़ा. दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी मुश्किल रही. पानी की निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है. इससे यातायात प्रभावित होने के साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है.

### हर साल बनती है यही स्थिति

स्थानीय निवासी अक्षय ने बताया कि इतने दिनों बाद बारिश हुई तो उम्मीद थी कि मौसम सुहाना होगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी. लेकिन एबी रोड की स्थिति देखकर परेशानी बढ़ गई. उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क पर इतना पानी जमा है कि यह सड़क कम और तालाब ज्यादा नजर आ रही है. पानी भरने के कारण सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे हैं और वाहन चालकों को काफी सावधानी से निकलना पड़ रहा है. हर साल बारिश के दौरान इसी तरह की स्थिति देखने को मिलती है. पानी की निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था नहीं होने से थोड़ी तेज बारिश होते ही सड़क पर जलभराव हो जाता है. इससे यहां से गुजरने वाले लोगों में दुर्घटना का डर बना रहता है.

## पहली तेज बारिश में ही डूबा अंडरपास



देवास रोड स्थित सिंगापुर टाउनशिप में रेलवे का नया अंडरपास पहली ही तेज बारिश में जलमग्न हो गया. कुछ देर की बारिश के बाद यहां कमर तक पानी भर गया, जिससे रहवासियों का आवागमन प्रभावित हुआ. जलभराव के बाद अंडरपास की डिजाइन और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं.

करीब 9 फीट चौड़े और 25 फीट लंबे इस अंडरपास का लोकार्पण फरवरी में सांसद शंकर लालवानी और मंत्री तुलसीराम सिलावट की मौजूदगी में हुआ था. रहवासियों का कहना है कि नया अंडरपास पुराने की तुलना में अधिक गहरा है. इसी वजह से बारिश का पानी बाहर निकलने के बजाय यहां जमा हो रहा है. अंडरपास में निगरानी के लिए कैमरे और जलस्तर बढ़ने पर अलर्ट देने के लिए सेंसर लगाए गए हैं. इसके बावजूद इस मौसम की पहली तेज बारिश में जलभराव की स्थिति बनने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. रहवासियों के मुताबिक, निर्माण के दौरान जल निकासी और लेवल को लेकर आपत्तियां जताई गई थीं. अब वे अंडरपास की तकनीकी जांच और स्थायी जल निकासी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं. वहीं, रेलवे जल निकासी के लिए पंप का इस्तेमाल कर रहा है. रेलवे का कहना है कि अन्य अंडरपास में भी पंप के जरिए पानी निकाला जाता है. हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश में पंप पर निर्भर रहने के बजाय स्थायी समाधान जरूरी है.



# बिना परमिट बस और स्कूली वैन दौड़ रही थीं सड़कों पर

- परिवहन विभाग ने जब्त किए वाहन
- 70,500 रुपए का बनाया चालान

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** शहर में नियमों को ताक पर रखकर बिना वैध परमिट यात्री और स्कूली वाहनों का संचालन करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है. विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बिना परमिट संचालित एक यात्री बस और स्कूली बच्चों को ले जा रही वैन को जब्त किया. दोनों वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 70 हजार 500 रुपए का चालान बनाया गया.

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में परिवहन निरीक्षक आकाश सिटोले ने कार्रवाई को अंजाम दिया. जांच के दौरान रेडिसन चौराहे पर एक यात्री बस बिना वैध परमिट के संचालित होती मिली. टीम ने बस को जब्त कर लिया. इसके बाद राऊ चौराहे के पास स्कूली बच्चों को ले जा रही एक वैन की जांच की गई. वैन के पास भी वैध परमिट नहीं मिला, जिसके बाद उसे भी जब्त कर लिया गया. यात्री बसों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग अब विशेष अभियान चलाने जा रहा है. परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश उमेश जोगा के निर्देश पर अगले दो सप्ताह तक यात्री बसों की विशेष जांच की जाएगी. इस दौरान बसों में फायर एक्सटिंग्विशर सहित अन्य जरूरी अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, उनकी वैधता और कार्यशीलता की जांच होगी. सुरक्षा उपकरणों में कमी या नियमों का उल्लंघन मिलने पर वाहन संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

### दस्तावेज पूरे रखने की अपील

परिवहन विभाग ने यात्री और स्कूल वाहन संचालकों से अपील की है कि वाहन संचालन के दौरान वैध परमिट, फिटनेस, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ रखें. इसके अलावा वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी.



## योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाएं

**इंदौर.** योग, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सामाजिक चेतना के व्यापक प्रसार के उद्देश्य से लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा योग आयोग, मध्य प्रदेश शासन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित राज्य स्तरीय लक्ष्य 'मंथन' योगासन प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर का द्वितीय क्वालिफाइंग चरण सेंट अर्नोल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, में संपन्न हुआ.

प्रतियोगिता के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों में पद्मश्री भालू मोंढे, रेनेसां विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सीए स्वप्निल कोठारी, उपायुक्त जीएसटी कुमार अभिषेक खरे, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष यादव, एल्मार जाधव तथा मनोज गर्ग सहित अनेक विशिष्टजन सम्मिलित हुए. अपने उद्बोधन में उन्होंने योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने पर बल देते हुए इसे स्वास्थ्य, अनुशासन और संतुलन का आधार बताया. लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नन्दवाल ने आयोजन के संदर्भ में बताया कि संस्था पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ-साथ स्वस्थ व तनावमुक्त जीवनशैली के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत युवाओं को सशक्त मंच देने के लिए यह प्रतियोगिता कुल तीन चरणों में आयोजित की जा रही है.

# सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों की डीएवीवी में फीस माफ

नवभारत न्यूज़

इंदौर. सेना के तीनों अंगों में अग्निवीर के रूप में सेवा पूरी करने के बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले युवाओं को शिक्षण शुल्क नहीं देना होगा. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 649वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक सोमवार को नालंदा परिसर में हुई.

कार्यपरिषद ने विकलांग एवं छात्र दुर्घटना समिति से विद्यार्थियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी. दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनियों से विद्यार्थियों को क्षतिपूर्ति दिलाने संबंधी पॉलिसी को भी मान्यता दी गई। इसके लिए कार्यपरिषद सदस्यों ने बैठक का अपना मानदेय समिति को दान किया. परीक्षा के दौरान यूएफएम के तहत मोबाइल से जुड़े मामलों में निर्णय लेने के लिए परीक्षा नियंत्रक की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी. विश्वविद्यालय परिसर को नशामुक्त बनाने के प्रस्ताव पर भी समिति बनाने का निर्णय लिया गया.



बैठक में वित्त समिति की अनुशंसा पर आईईटी में स्मार्ट क्लासरूम के लिए इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल खरीदने को मंजूरी दी गई. आईएमएस स्थित ऑडिटोरियम के रिनोवेशन, लोकमाता देवी अहिल्या सभागृह में एयर कंडीशनिंग सुधार, आईआईपीएस भवन के विस्तार और आईईटी परिसर में नवीन बालक छात्रावास के निर्माण को भी स्वीकृति मिली.

स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के भवन निर्माण, फर्नीचर और उपकरणों के लिए पितालिया मानव सेवा ट्रस्ट से करीब 1.5 करोड़ रुपए की सहयोग राशि प्राप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. आईईटी के पूर्व छात्रों के योगदान से सुसज्जित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सभाकक्ष का नाम पूर्व कुलपति प्रो. एस.एम. दास गुप्ता के नाम पर करने का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ. बैठक में कार्यपरिषद के पांच सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने पर स्मृति चिह्न, शाल और श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई.

### नशामुक्ति के प्रस्ताव पर कमेटी गठित

कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर को नशामुक्त बनाने के संबंध में रखे गए प्रस्ताव पर कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया. डॉ. द्विवेदी ने इस पहल के लिए कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघाई, कुलसचिव प्रज्वल खरे तथा समस्त कार्यपरिषद् सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया. डॉ. द्विवेदी ने कहा कि नशामुक्त परिसर-नशामुक्त युवा-नशामुक्त भारत के उद्देश्य से विश्वविद्यालय को केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि परिसर के आसपास के वातावरण की भी समीक्षा आवश्यक है. उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय की सीमा से लगी दुकानों के संचालन, उन्हें स्थान दिए जाने के नियमों और वहां बिकने वाले सिगरेट, तंबाकू आदि पदार्थों की नियमानुसार समीक्षा की जाए. साथ ही परिसर के आसपास किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित अथवा अन्य नशीले पदार्थों की गतिविधि न हो।

## इस्कॉन में गूंजा हरिनाम, महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के तहत इस्कॉन इंदौर में रविवार को श्री श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ और नन्दोत्सव सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुए. महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर विश्व शांति, अच्छी वर्षा और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की.

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से यज्ञ संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को नृसिंह कवच, आध्यात्मिक उपहार और प्रसाद वितरित किया गया. इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी के 130वें आविर्भाव दिवस के अवसर पर अन्नसेवा अभियान के तहत शनिवार को करीब 25 हजार जरूरतमंदों और आम नागरिकों को भोजन एवं महाप्रसाद कराया गया.

नन्दोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर हरिनाम संकीर्तन और भजनों से गूंजता रहा. दोपहर में महाभिषेक और महाप्रसाद वितरण हुआ। शाम को डॉ. मानस प्रभु एवं उनकी टीम ने भक्ति संगीत, नृत्य और आध्यात्मिक नाट्य प्रस्तुतियां दीं. कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया.

### एकादशी पर 64 माला जप का संकल्प

इस्कॉन इंदौर ने आगामी एकादशी को मोबाइल और सामाजिक माध्यमों से दूरी बनाकर आध्यात्मिक साधना करने की अपील की है. श्रद्धालुओं से सुबह 2.30 बजे दिन की शुरुआत कर 11 बजे तक 64 माला हरे कृष्ण महामंत्र का जप पूरा करने का संकल्प लेने को कहा गया है. मंदिर प्रबंधन ने जन्माष्टमी महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं, सेवाभावी कार्यकर्ताओं, पुलिस-प्रशासन और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया.


**पश्चिमी रेलवे द्वारा प्रतापनगर-टांडा रोड के बीच नई मेमू (MEMU) ट्रेन की शुरुआत**

| ट्रेन नं. | प्रस्थान व गंतव्य स्टेशन | प्रस्थान | आगमन | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 69105 | प्रतापनगर – टांडा रोड | 05 :00 बजे (प्रतिदिन) | 09 :35 बजे (उसी दिन) | 09.09.2026 |
| 69106 | टांडा रोड – प्रतापनगर | 17 :05 बजे (प्रतिदिन) | 21 :25 बजे (उसी दिन) | 09.09.2026 |

**ठहराव :** दोनों दिशाओं में डभोई, छुछपुरा, बोडेली, पावी, छोटाउदेपुर, पडलिया रोड, मोतीसादली, अंबारी रीछवी, अलीराजपुर, खंडाला, जोबाट और डेकाकुंड स्टेशनों पर.

**कोच संरचना :** सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

Like us & Follow us on: facebook.com/WesternRly X.com/WesternRly Instagram.com/WesternRly https://bit.ly/WesternRailwayOfficial https://www.youtube.com/@WesternRly


# शांति के लिए पहले अपने अंदर झांकना होगा

## इंदौर से बिलासपुर आध्यात्मिक जन-जागृति यात्रा का शुभारंभ



**इंदौर.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रशासनिक एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जन-जागृति अभियान यात्रा का शुभारंभ शिव शक्ति रिट्रीट सरोवर, नेमावर रोड से हुआ. इंदौर से बिलासपुर तक लगभग 3000 किलोमीटर की यह यात्रा मालवा, बुंदेलखंड एवं गोंडवाना क्षेत्र के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में आध्यात्मिकता, आत्मबल एवं मानवीय मूल्यों का संदेश पहुंचाएगी.

कार्यक्रम में मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि शांति हमें तभी मिलेगी, जब हम अपने अंदर को परखने की शक्ति विकसित करेंगे. स्वभाव शांत होगा तो आत्मा शांत होगी. स्वयं का अध्ययन ही आत्म-स्मृति को पहचानना है. मोटिवेशनल स्पीकर बीके विधात्री बहन ने कहा कि आध्यात्मिकता, प्रशासन और समाज एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं. आध्यात्मिक शक्ति से विचारों में परिवर्तन लाकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है. जस्टिस बी.डी. राठी ने संगठन की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आध्यात्मिकता से विचार बदलेंगे और प्रशासन व समाज दोनों श्रेष्ठ बनेंगे. इस अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुखदेव सिंह घुम्मन एवं खजराना गणेश मंदिर के पंडित धर्मेंद्र भट्ट ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं. अभियान संयोजक राकेश भाई ने यात्रा के उद्देश्य बताए तथा स्वागत भाषण बी.के. आयुषी बहन ने दिया. विशिष्ट समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया. अतिथियों ने ध्वज दिखाकर अभियान यात्रा को रवाना किया. संचालन ब्रह्माकुमारी दुर्गा बहन ने किया. आभार सुरेश गुप्ता ने माना.


**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लि.**
यूनिट 203 व 204, दूसरा तल, ए विंग नवभारत एस्टेट जाकरिया बंदर रोड, सेवरी (वेस्ट) मुंबई-400015 महाराष्ट्र, CIN No.- U65922MH2005PLC272501

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है.

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को सुरक्षित लेनदार को गिरवी रखा गया है, जिसका भौतिक कब्ज़ा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है जिस को इसके बाद वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा. ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित परिसंपत्तियों को 'जैसा है जहां है, जैसा है जो है और जो कुछ है' के आधार पर बेचा जाएगा.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https-//sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं.

| स. क्र. | खाता संख्या और उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता का नाम | धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस के अनुसार तिथि और राशि और भौतिक कब्जे की तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (रुपये में) | ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचएल0000000124624 प्रीतेश कुमार जैन (उधारकर्ता) ऋषभ मारवाड़ी (सह-उधारकर्ता) सिम्पल जैन (सह-उधारकर्ता) | मांग सूचना दिनांक 16/12/2025 और राशि रु. 16/12/2025 को 6045493/- रुपये + ब्याज, लागत आदि और 3/9/2026 | प्लॉट संख्या 133, कस्बा आलोटे के पश्चिमी भाग में स्थित मकान, नगर परिषद आलोटे की सीमा के भीतर, मोहल्ला उत्तमकुंज कॉलोनी, वार्ड संख्या 12, तहसील आलोटे, जिला रतलाम, मध्य प्रदेश 457114, कुल क्षेत्रफल 780 वर्ग फुट या 72.55 वर्ग मीटर. | रुपये 5300000/- रुपये 530000/- | 25/09/2026 समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, 24/09/2026 शाम 5:00 बजे तक, 17/09/2026 |

**1.** सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएं. ई-नीलामी के बारे में विस्तृत जानकारी, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शनटाइगर) से संपर्क कर सकते हैं; पता: प्रधान कार्यालय: बी-705, वॉल स्ट्रीट II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद - 380 006, गुजरात (भारत). **संपर्क व्यक्ति: श्री राम शर्मा.** संपर्क नंबर: 8000023297/9265562818/9265562821/079-6813. 6842/6869। ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net **2.** नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने हेतु https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएं. **3.** संपत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया **अधिकृत अधिकारी योगेश सिंह चौहान/विजय कुमार पांडे** से संपर्क करें - **9713056444/9303536152**

**यह सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना भी है.**

**दिनांक- 8.9.2026**
**स्थान- रतलाम**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**